an>

Title: Need to treat ten panchayats as one unit for providing compensation to farmers under Weather Based Crop Insurance in Rajasthan.

श्री सी.आर.चौधरी (नागौर) : परम सम्माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं आपको हार्दिक धन्यवाद अर्पित करना चाहूंगा कि आपने मुझे राजस्थान के किसानों के बारे में बोलने का सुअवसर दिया। मैं यहां राजस्थान, विशेष रूप से वेस्टर्न राजस्थान का एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। The district of western Rajasthan is totally drought prone area. वहां पर बारिश वास्तव में देरी से होती है या बारिश का इंटरवल बहुत ज्यादा हो जाता है, जिससे पांच वर्षों में से तीन वर्ष फसलें खराब हो जाती हैं। फसलें खराब होने के कारण काश्तकारों के लिए एक नयी स्कीम Weather based crop insurance आयी है। वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस का फायदा भी है, लेकिन अभी तक वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस से किसी भी काश्तकार को खराबी की राशि प्रिमियम से ज्यादा कभी भी नहीं मिली है। They did not get anything because there are certain reasons. First, this weather based crop insurance is totally dependant on the rain-guage and weather of the Tehsil headquarters. हमारे वहां यह कहावत है कि आपके गाय के एक सींग पर बारिश हो रही है तो दूसरा सींग ड्राई रह रहा है, यानी एक गांव से दूसरे गांव में बहुत अंतर आ जाता है। तहसील हैडक्वार्टर यदि तहसील के एक कोने में लोकेटेड है और पूरा तहसील दूसरी साइड में है तो इस कारण वेदर में सही रिपोर्टिंग नहीं हो पाती है। यदि तहसील हैडक्वार्टर पर अच्छी बारिश दर्ज हो गयी तो बाकी तहसील के गांव में जितनी भी खराबी हो, they will not get a single penny. किसानों को जो सबसे बड़ी दिक्कत आ रही थी, उसे मैं आपके मार्फत माननीय कृषि मंत्री जी को बताना चाहता हूं। दूसरी प्रॉब्लम यह आ रही है ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: You have to raise only one issue.

â€¦(व्यवधान)

श्री सी.आर.चौधरी : दूसरी प्रॉब्लम यह है कि they give compensation through cooperative societies. कोआपरेटिव सोसायटी की जगह इंडीविजुअल खातों में, बैंकों में जन-धन योजना आदि खातों में जमा कराया जाना चाहिए। ...(व्यवधान) The farmers are suffering a lot.